/b>

Title: Need to introduce mobile telephone services in Hingoli Parliamentary constituency in Maharashtra.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : भारतीय संचार निगम लिमिटेड ने अभी तक मेरे संसदीय क्षेत्र के बसमत, हदगांव, धरमाबाद, भौखर एवम् किन वट में मोबाइल सेवा आरम्भ नहीं की है। इन क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति पहाड़ी एवम् हिल्स की तरह है एवम् वन संरक्षण अधिनियम के कारण यहां पर टेलीफोन लाइनें बिछाई नहीं जा सकती हैं और कृाि उत्पादों की इन क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी मंडियां हैं, जहां पर दूरसंचार की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए यहां पर डबल्यू.एल.एल. दूरसंचार सेवाएं और मोबाइल टेलीफोन सेवा को चालू करना जनहित में है। अगर मोबाइल सेवा शुरू कर दी जाती है तो निश्चित रूप से इन पिछड़े क्षेत्रों का विकास सम्भव हो सकेगा और यहां के किसानों को भी अपने कृाि उत्पाद को दूसरे क्षेत्रों को भेजने में सहूलियतें मिलेंगी और भारतीय संचार निगम को भी अच्छा राजस्व मिल सकेगा।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे हिंगोली संसदीय क्षेत्र में उपरोक्त क्षेत्र में मोबाइल सेवा जनहित में शीघ्र शुरू की जाए।